हीवेट पॉलीटेक्निक, महानगर, लखनऊ

श्रीमती सुरुचि मिश्रा
प्रवक्ता-सिविल इंजी०।

पत्रांकः- एच०पी०/2020-21/व्यक्ति०पत्रा०/ 438 लखनऊ दिनांकः 02/12/2020

विषयः- **पद पर स्थाई किये जाने के सम्बन्ध में।**

आपकी नियुक्ति अध्यक्ष, प्रबन्ध समिति के पत्रांकः-एच०पी०एम०सी०/2018-19/प्रवक्ता(सिविल इंजी०)/17 लखनऊ दिनांक 28.11.2018 द्वारा प्रवक्ता-सिविल इंजी० के पद पर दो वर्ष के परिवीक्षाकाल पर की गयी थी तथा आप ने दिनांक 29.11.2018 की अपरान्ह से अपने पद का कार्यभार ग्रहण कर लिया था। दिनांक 29.11.2020 को आपका परिवीक्षाकाल सन्तोषजनक रूप से पूर्ण हो चुका है।

अतः अध्यक्ष प्रबन्ध समिति के अनुमोदनोपरान्त आपको निम्न शर्तो एवं प्रतिबन्धों के अधीन दिनांक 29.11.2020 से स्थाई किया जाता है।

1. यह कि आप संस्था प्रशासन द्वारा सौपे गये कार्यो का निर्वहन पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी तथा लगन से करेंगी।
2. यह कि शासन/निदेशालय द्वारा अप्रैल-2005 के बाद नियुक्त हुए कर्मचारियों हेतु जी०पी०एफ०/सी०पी०एफ० हेतु जो भी योजना संस्था में लागू होगी, की पात्रता आपको भी होगी।
3. यह कि आप अपने पद के उत्तरदायित्वों एवं कार्यो के अतिरिक्त संस्था हित में सौंपे गये अन्य कार्यो एवं उत्तरदायित्वों का निर्वाह करेंगी।
4. यह कि आपकी सेवा में सहायता प्राप्त पॉलीटेक्निकों हेतु लागू सेवानियमावली-1996 के अन्तर्गत होगी तथा अवकाश नियमों जो वर्तमान में संस्था में लागू है अथवा भविष्य में प्रभावी होगें, के अनुसार ही लाभान्वित होंगी।
5. यह कि विशेष परिस्थितियों में आपकी सेवायें तीन मास का नोटिस देकर या अग्रिम तीन माह का वेतन देकर समाप्त की जा सकती है।
6. यह कि आप कार्य दिवसों की, कार्य अवधि में संस्था में अपनी ड्यूटी पर उपस्थित रहेंगी।
7. यह कि आप संस्था में अनुशासित रहकर सौपे गये कार्यो का निर्वहन करेंगी तथा संस्था कार्मिकों/अधिकारियों के साथ सदभाव तथा सहयोग की भावना रखेंगी।

यदि उक्त शर्ते आपको मान्य है तो अपनी स्पष्ट सहमति 03 कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरी को प्रस्तुत करें।

02.12.2020

(डा०यू०सी०बाजपेयी)
प्रधानाचार्य

पृ०सं०:- एच०पी०/2020-21/व्यक्ति०पत्रा०/ लखनऊ दिनांकः

प्रतिलिपिः- निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित।

1. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ०प्र०, कानपुर।
2. अध्यक्ष, प्रबन्ध समिति।
3. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा (म०क्षेत्र), लखनऊ।
4. स्थापना।
5. व्यक्तिगत पत्रावली। (श्रीमती सुरुचि मिश्रा)

(डा०यू०सी०बाजपेयी)
प्रधानाचार्य